राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 06.10.2015

आयोग द्वारा **सहायक अभियोजन अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा 2015, दिनांक 18.10.2015 को** राजस्थान के 09 जिला मुख्यालयों अजमेर, अलवर, बीकानेर, बूंदी, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर एवं उदयपुर तथा **सहायक अभियोजन अधिकारी (टीएसपी क्षेत्र) प्रतियोगी परीक्षा 2015, दिनांक 20.10.2015** को केवल जयपुर जिला मुख्यालय पर ऑनलाईन रूप से दो सत्रों में प्रातः 10.00 बजे से 01.00 बजे तक एवं दोपहर 3.00 बजे से 5.00 बजे तक आयोजित की जा रही है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र के आयोग के वेबपोर्टल https://rpsconline.rajasthan.gov.in से आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से डाउनलोड कर, एक फोटो एवं कोई फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व उपस्थित होवें। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट के लिंक http://rpsc.rajasthan.gov.in/MockTest.aspx पर मॉक टेस्ट ट्रायल कर सकते हैं एवं ऑनलाईन परीक्षा ब्रिफिंग/संबंधित निर्देश भी डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक एवं वर्ग (Category) आदि चैक कर लेवें यदि उनमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना है तो परीक्षा दिनांक तक प्रार्थना पत्र के साथ रू. 300/– का पोस्टल ऑर्डर संलग्न कर आयोग कार्यालय को प्रेषित करें। परीक्षा दिनांक पश्चात संशोधन संबंधी किसी भी प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल/अन्य इलेक्ट्रोनिक सामग्री लेकर उपस्थित नहीं होवें।

(बी.एल. खटीक)
उप सचिव